भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2257
04 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

भूतपूर्व सैनिकों की कैंटीन सुविधा

2257**. श्री वी. वैथिलिंगम:**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भूतपूर्व सैनिकों के लाभार्थ देशभर में उपलब्ध कैंटीन सुविधाओं की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार देशभर में कैंटीन सुविधाओं के बंद होने/विलय होने से अवगत है जिससे भूतपूर्व सैनिकों को दिक्कत हो रही हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार भूतपूर्व सैनिकों के लाभार्थ पुदुच्चेरी में कैंटीन सुविधा खोलने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) पूरे देश में आज की तारीख तक 3809 यूनिट रन कैंटीनें (यूआरसी) हैं, जिनका इस्तेमाल भूतपूर्व सैनिकों द्वारा भी किया जा सकता है।

(ख) सरकार ने यूआरसी को बंद किये जाने का कोई आदेश जारी नहीं किया है। तथापि, क्षेत्र में लाभार्थियों की संख्या, दूसरे यूआरसी से निकटता और संगठनात्मक कार्यकुशलता के आधार पर, यूआरसी का विलय एक आवधिक प्रक्रिया है। यह सुनिश्चित करने के सभी प्रयास किये हैं कि भूतपूर्व सैनिकों सहित, ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

***